दिन– बुधवार दिनांक– 27/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पन्द्रह सितम्बर को पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी कई विकास योजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. गृहमंत्री अमित शाह ने कहा –ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंकी सरगनाओं को उनके कृत्यों के परिणामों के बारे में स्पष्ट संदेश दिया है।

03. राज्य सरकार का निर्देश– जमीन दाखिल–खारिज से संबंधित मामलों को लेकर अंचलाधिकारियों को अब चौबीस घंटे के भीतर जवाब देना होगा।

04. और, देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने पन्द्रह सितम्बर को पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री इसी दिन पूर्णिया में एक जनसभा को भी संबोधित

करेंगे। साथ ही कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए पटना मेट्रो भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

———बाइट———

---

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आंतकवादियों को भारतीय नागरिकों के जीवन से खिलवाड़ करने के दुष्परिणाम भुगतने का स्पष्ट संदेश दिया है। श्री शाह ने ऑपरेशन महादेव में शामिल सेना, जम्मू—कश्मीर पुलिस और सी. आर. पी. एफ. के जवानों से आज मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों को संतुष्टि दी, लेकिन ऑपरेशन महादेव ने उस संतुष्टि को आत्मविश्वास में बदल दिया। श्री शाह ने कहा कि सैनिकों ने दुनिया को दिखा दिया है कि आतंकवादी चाहे अपनी रणनीति में कितना भी बदलाव क्यों ना कर लें, वे अब भारत को नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं और ना ही बच सकते हैं।

---

जम्मू–कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले रास्ते पर भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम तीस व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। भूस्खलन के बाद राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अर्धसैनिक बल, सेना और वायुसेना के अधिकारी स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने कहा कि प्रशासन सभी पीड़ित लोगों की सहायता कर रहा है।

---

महागठबंधन दलों की वोटर अधिकार यात्रा के ग्यारहवें दिन आज दरभंगा, मुजफ्फरपुर के बाद सीतामढ़ी पहुंची। आज की यात्रा में कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में भाजपा को फायदा पहुंचाने के मकसद से मतदाता सूची में गड़बड़ी की गयी थी। उन्होंने कहा कि पहले हमारे पास कोई साक्ष्य नहीं थे लेकिन महाराष्ट्र में हमें सबूत मिल गया।

———बाइट———

यात्रा में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद प्रियंका गांधी, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सहित महागठबंधन के कई नेता शामिल हुए।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राहुल गांधी और लालू परिवार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये लोग बिहार को अपमानित करने वाले लोगों को बुलाकर यहां के लोगों को अपमानित कर रहे हैं। बिहार की जनता सब जानती है और उन्हें सबक सिखाएगी।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि हम सत्ता में पचास साल रहेंगे, लेकिन अपने काम के बल पर।

———बाइट———

---

प्रदेश में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत दावों, आपत्तियों और दस्तावेज जमा कराने के लिए अभी छह दिन शेष हैं। चुनाव आयोग ने ताजा बुलेटिन जारी कर कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत केवल भाकपा माले की ओर से **तिरेपन** दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी हैं। छह राष्ट्रीय राजनीतिक दलों ने अब तक कोई दावा–आपत्ति को लेकर शिकायत दर्ज नहीं कराई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **एक लाख अठहत्तर हजार नौ सौ अड़तालीस** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से **बीस हजार सात सौ दो** मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के **छह लाख पैंतीस हजार** से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है। दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि एक सितम्बर है। तीस सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

---

केन्द्र सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और जमाखोरी रोकने के लिए गेहूं पर भंडार सीमा लागू कर दी है। यह सीमा सभी राज्यों के व्यापारियों, थोक

और खुदरा विक्रेताओं पर लागू होगी। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा तीन हज़ार मीट्रिक टन से घटाकर दो हज़ार मीट्रिक टन कर दी गई है। इसी प्रकार, खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा आठ मीट्रिक टन की गई है।

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा है कि जमीन दाखिल–खारिज के मामले में अंचलाधिकारियों को चौबीस घंटे के भीतर जवाब देना होगा। उन्होंने दाखिल–खारिज के मामलों को लेकर जारी किये गये दिशा–निर्देश में कहा है कि अगर आवेदन को लेकर कोई आपत्ति नहीं हो तो पैंतीस कार्य दिवस के अन्दर मामलों का निपटारा करना होगा। आपत्ति होने पर अधिकतम पचहत्तर कार्य दिवस में निपटारा कराना होगा। अपर मुख्य सचिव ने प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि दाखिल–खारिज में विलम्ब होने पर अंचलाधिकारी को स्पष्ट कारण बताना होगा।

---

राज्य के विभिन्न भागों में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत

उत्तर–मध्य भागों के एक–दो जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागो के न्यूनतम तापमान मे कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान वैशाली जिले के पातेपुर में सबसे अधिक चौंतीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

बक्सर जिले में गंगा नदी के जलस्तर में एक बार फिर वृद्धि दर्ज की गयी है। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

गंगा का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। नदी चेतावनी स्तर से तिसरेसठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। दो सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार में जलस्तर बढ़ रहा है। रामरेखा घाट की सभी सिढियाँ समेत विवाह मंडप के अलावे कई क्षेत्र जल मग्न हो गया है। गंगा के जलस्तर में पुनः वृद्धि होने से दियारे इलाके में पशुओ समेत आम लोगो की परेशानी बढने लगी है। इधर, जिला प्रशासन ने गंगा में बढते जलस्तर को देखते हुए अंचलाधिकारियो को एलर्ट रहने का निदेश दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

इधर, नालंदा जिले के हिलसा प्रखंड क्षेत्र के धुरी बिगहा और एकंगरसराय प्रखंड के लाला विगहा गांव के समीप लोकायन का पूर्वी तटबंध टूटने से प्रखंड के कुल छह पंचायत पांच दिनों से बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है। सैकड़ो एकड़ खेत में लगे धान की फसल जलमग्न हो गया है। मिर्जापुर, कोरावां और चिकसौरा पंचायत के दर्जनों गांव में गलियों एवं घरों में भी पानी बह रहा था।

---

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---म्यूजिक---

यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। प्रदेश के विभिन्न भागों में गणेश चतुर्थी का त्योहार धूम–धाम से मनाया जा रहा है। राजधानी पटना के दारोगा प्रसाद राय पथ स्थित महाराष्ट्र मंडल द्वारा मुम्बई के लालबाग के राजा की तर्ज पर भगवान गणेश की छह फीट ऊंची मूर्ति स्थापित की गयी है, जिसे अड़तीस लाख के हीरा जड़ित सोने के मुकुट से सजाया गया है। इस बार गणेश पूजा की थीम ऑपरेशन सिंदूर है। इस अवसर पर मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। गणेश चतुर्थी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———म्यूजिक———

---

निगरानी विभाग की टीम ने मधुबनी में कार्यरत उद्योग मित्र मोहम्मद मुसाहिद को पंद्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिले के साहरघाट थाना क्षेत्र के बसवरिया निवासी सुशील यादव की शिकायत के आधार पर की गयी। डीएसपी अरूणोदय पांडेय ने बताया कि आरोपी ने लद्यु उद्योग ऋण की एक किस्त भुगतान करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी।

---

भारतीय सूचना सेवा के उन्नीस सौ बानवे बैच के वरिष्ठ अधिकारी विवेक कुमार गौड़ का आज तडके नई दिल्ली में निधन हो गया। वे उनसठ वर्ष के थे। विवेक कुमार गौड़ वर्तमान में आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग में कार्यरत थे। उन्होंने गंगतोक स्थित क्षेत्रीय समाचार इकाई से अपने करियर की शुरुआत की और पत्र सूचना कार्यालय तथा क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

---

मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–अस्सी के कल्याणपुर–फुलकिया मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार ने सड़क किनारे खड़ी एक बस में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवकों में से दो की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरे का इलाज चल रहा है।

---

बक्सर जिले में पीएम किसान योजना के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को साइबर थाना पुलिस ने झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार लाख नब्बे हजार नकद रुपये बरामद किए गए हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पन्द्रह सितम्बर को पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी कई विकास योजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. गृहमंत्री अमित शाह ने कहा –ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव ने आतंकी सरगनाओं को उनके कृत्यों के परिणामों के बारे में स्पष्ट संदेश दिया है।

03. राज्य सरकार का निर्देश– जमीन दाखिल–खारिज से संबंधित मामलों को लेकर अंचलाधिकारियों को अब चौबीस घंटे के भीतर जवाब देना होगा।

04. और, देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्योहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।